दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 315 मुरादाबाद 15 March 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पोलैंड पर रूसी अटैक का मतलब विश्वयुद्ध 3? अमेरिका बोला- एक पर हमला, मतलब सब पर हमला



यूक्रेन पर रूसी अटैक के बीच दुनिया पर तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा मंडरा रहा है। माना जा रहा है कि अगर रूस ने किसी नाटो सदस्य देश पर हमला किया तो अमेरिका खुलतौर पर रूस के खिलाफ जंग में उतर जाएगा। और अगर ऐसा हुआ तो वर्ल्ड वॉर तय है क्योंकि अमेरिका और रूस दुनिया की दो महाशक्ति हैं। रूस द्वारा पूर्वी यूरोप में निरंतर अस्थिरता के बीच पेंटागन ने नाटो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिका का कहना है कि अमेरिकी सेनाएं यूक्रेन में रूस के खिलाफ नहीं लड़ेंगी, लेकिन वह अपने सहयोगियों यानी नाटो सदस्य देशों के लिए प्रतिबद्ध है। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका अपने नाटो सहयोगियों के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। रविवार को एबीसी न्यूज पर किर्बी ने कहा, ''किसी एक (नाटो देश) के खिलाफ सशस्त्र हमला सभी के खिलाफ सशस्त्र हमला माना जाएगा।'' उन्होंने कहा, 卐हमने रूस को यह स्पष्ट कर दिया है कि नाटो क्षेत्र की रक्षा हमारे मित्र करेंगे, न कि केवल अमेरिका।卐 रूसी सैनिकों ने रविवार को पोलिश सीमा के पास पश्चिमी यूक्रेन में एक सैन्य चौकी पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका की ये टिप्पणी आई है। पोलैंड के करीब उस हमले में कम से कम 35 लोग मारे गए और यवोरिव में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा केंद्र (IPSC) को नष्ट कर दिया गया है। यवोरिव पोलैंड की सीमा से लगभग 15 मील की दूरी पर है। बता दें कि पोलैंड 1999 से नाटो का सदस्य है। पिछले मंगलवार को, संयुक्त राज्य अमेरिका ने पोलैंड को दो पैट्रियट मिसाइल रक्षा बैटरी वितरित की थी। उसी दिन, अमेरिकी रक्षा विभाग ने जर्मनी में एक अमेरिकी एयरबेस पर लड़ाकू जेट भेजने के पोलिश प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जहां उन्हें रूसी सैनिकों से लड़ने के लिए यूक्रेन ले जाया जा सकता था। मंगलवार को किर्बी ने ट्वीट किया कि यह पोलिश अधिकारियों पर निर्भर करता है कि वे यूक्रेन में अपने विमान भेजें या नहीं।फरवरी के अंत में, पोलिश प्रधानमंत्री माट्युस्ज़ मोराविकी ने एक समान चेतावनी जारी करते हुए कहा: ''लातविया, लिथुआनिया, एस्टोनिया और साथ ही पोलैंड, कल अगला शिकार हो सकते हैं ... यूक्रेन पर पुतिन का युद्ध भी पश्चिम की आत्मा की लड़ाई है।''

## गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी बोले- उत्तर प्रदेश में अच्छी कानून-व्यवस्था से मिला बहुमत

लखनऊ उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर इन दिनों जोरदार आंकलन हो रहा है। भाजपा के नेताओं के साथ अन्य दल के नेता भी उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बड़ी जीत दर्ज करने पर भारतीय जनता पार्टी के टीम वर्क को सराह रहे हैं। इसी बीच केन्द्र सरकार में गृह राज्य मंत्री तथा लखीमपुर खीरी के तिकुनियां कांड के कारण बहुत चर्चित अजय मिश्रा उर्फ टेनी ने भी प्रतिक्रिया दी है। नई दिल्ली में बजट सत्र में दूसरे चरण की कार्यवाही जारी है। बजट सत्र का दूसरा चरण 8 अप्रैल तक चलेगा। इसी दौरान सदन में उत्तर प्रदेश की जीत को लेकर लोकसभा में काफी देर तक मोदी-मोदी के नारे लगे। पीएम नरेन्द्र मोदी भी लोकसभा में हैं। आज संसद में पहुंचने पर पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी ने लोकसभा में आज की कार्यवाही में शामिल होने से पहले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। अजय मिश्रा ने कहा कि हम लोग शुरू से ही कह रहे थे कि





जिस तरह से केन्द्र और राज्य सरकारें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में काम कर रही हैं, हम बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में शानदार परिणाम आने का प्रमुख कारण राज्य की बेहतर तथा सुदृढ़ कानून-व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी नहीं होती, तो हमें बहुमत नहीं मिलता। केन्द्री गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे आशीष मिश्रा मोनू को लखीमपुर खीरी के तिकुनियां हिंसा में चार किसान सहित आठ लोगों की मौत के मामले में मुख्य आरोपित बनाया गया है। मोनू करीब तीन महीने जेल में रहने के बाद अब जमानत पर बाहर है और कोर्ट में मामले की सुनवाई कोर्ट में जारी है। तिकुनियां में तीन अक्टूबर को उपद्रव के बाद हिंसा में चार किसानों को वाहन से रौंद दिया गया था।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## रूस पर लगी पाबंदियों से बड़ा फायदा उठाने की तैयारी में भारत, खरीदेगा सस्ता तेल

यूक्रेन पर हमले के बाद से अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़ी आर्थिक पाबंदियां लगा दी हैं। अमेरिका ने रूसी तेल के आयात पर रोक लगा दी है। ऐसे में रूस अपने कच्चे तेल एवं अन्य सामान को दुनिया में बेचने के लिए संघर्ष कर रहा है। रूस ने अपने मित्र देश भारत से ऐसी स्थिति में संपर्क किया है। इसे लेकर भारतीय अधिकारियों का कहना है कि सरकार रूस से डिस्काउंट प्राइस पर क्रूड ऑयल एवं अन्य चीजों को खरीदने पर विचार कर रही है। दो भारतीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने इन चीजों की डील रुपये-रूबल में करने की बात कही है। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी तेल आयात करता है। इसमें से महज 2 से 3 फीसदी



की खरीद ही अब तक रूस से होती रही है। लेकिन एक तरफ यूक्रेन संकट के बाद दुनिया में कच्चे तेल की कीमतों में 40 फीसदी तक का इजाफा हो गया है तो दूसरी तरफ रूस सस्ते में कच्चा तेल बेचने को मजबूर है। भारत सरकार चाहती है कि यूक्रेन संकट के चलते कच्चे तेल की बढ़ी महंगाई का उस पर असर न हो। इसी रणनीति के चलते वह रूस से सस्ता तेल खरीदने की योजना तैयार कर रही है। इससे महंगाई के दौर में सरकार को तेल पर अपने खर्च को सीमित करने में मदद मिलेगी। भारत सरकार के एक अधिकारी ने कहा, रूस की ओर से तेल एवं अन्य चीजों को भारी डिस्काउंट पर ऑफर किया जा रहा है। हमें इसकी खरीद में कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन टैंकर, इंश्योरेंस कवर समेत कई चीजों पर ध्यान देना है। एक बार इन मुद्दों का हल निकल जाए तो फिर हम खरीद पर आगे बढ़ेंगे। दुनिया के कई देशों ने प्रतिबंधों के बाद से रूस से तेल खरीदने से इनकार कर दिया है। लेकिन भारतीय अधिकारियों का कहना है कि इन प्रतिबंधों का असर आयात पर नहीं होगा। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल रुपये-रूबल में ट्रेड का मेकेनिज्म तैयार किया जा रहा है।

### रूस ने मित्र देशों से की है कारोबार जारी रखने की अपील

हालांकि दोनों अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया है कि कितने तेल का ऑफर किया गया है और रूस की ओर से कितना डिस्काउंट दिया जा रहा है। फिलहाल केंद्र सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। बता दें कि पश्चिमी देशों की ओर से लगी पाबंदियों के बीच रूस ने मित्र देशों से अपील की है कि वे उसके साथ कारोबार और निवेश जारी रखें। भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं और यूएन में उसके खिलाफ वोटिंग से वह गैर-हाजिर रहा है।

# यायिक अधिकारीगण के आवासीय परिसर का लोकार्पण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती, न्यायमूर्ति सुभाष चन्द शर्मा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय/प्रशासनिक न्यायमूर्ति जनपद श्रावस्ती ,न्यायिक अधिकारीगण के आवासीय परिसर , द्वारा लोकार्पण किया गया। उनके द्वारा आवासीय परिसर की गुणवत्ता के संबंध में उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा नियुक्त प्रोजेक्ट मैनेजर हेमन्त श्रीवास्तव से जानकारी ली गयी। आवासीय परिसर में कुल 9 टाई-5 आवास निर्मित किये गये हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव तथा अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के उपरान्त उनके द्वारा परिवार न्यायालय परिसर तथा 144 अधिवक्ता चैम्बर का शिलान्यास किया गया। उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के अधीक्षण अभियन्ता संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा माननीय न्यायमूर्ति को निर्माण के संबंध में अवगत कराया। मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एशोसिएशन अध्यक्ष सालिक राम पाण्डेय, महामंत्री पुष्कर पाठक व अन्य कार्यकारणी के सदस्यगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिलन्यास कार्यक्रम में निर्माण एजेंसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समस्त प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रंगों में सराबोर श्याम प्रेमियों ने निकाली भव्य निशान यात्रा

एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- सोमवार को श्री श्याम फाग महोत्सव के मौके पर श्याम प्रेमियों द्वारा रंगों में सराबोर होकर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। नई बस्ती स्थित श्री श्याम मंदिर के निकट विद्यालय से प्रात: 11=00 निशान यात्रा आरंभ हुई। किसान यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी अपने हाथों में श्याम नाम की ध्वजा लेकर बाबा के भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। जय श्री श्याम और खाटू नरेश के जयकारों के बीच श्याम प्रेमी अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। इस दौरान बरेली में भी खाटू जैसा नजारा देखने को मिला। निशान यात्रा मारवाड़ी गंज, माधोबाड़ी, मूर्ति नर्सिंग होम होती हुई श्री श्याम मंदिर पर पहुंची इस बीच कई जगह फूलों से स्वागत हुआ। मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी मयंक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया फागुन की एकादशी पर बाबा की भव्य निशान यात्रा लगातार कई वर्षों



से निकाली जा रही है। जिसमें लगातार श्याम प्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को निशान यात्रा के दौरान 300 से अधिक लोगों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। इस दौरान बाबा श्याम की पालकी आकर्षण का केंद्र रही। सैकड़ों श्याम भक्त श्याम नाम की ध्वजा लेकर नंगे पैरों चल रहे थे। शाम को 7=00 से प्रभु इच्छा तक मंदिर प्रांगण में संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान तमाम श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम के दर्शन भी किए। इस मौके पर श्री श्याम मंदिर कार्यकारिणी से जुड़े हुए सुरेश महाराज, राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राम खंडेलवाल, आकाश अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी में मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# क्षेत्राधिकारी इकौना ने किया थाना



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना श्रावस्ती का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी इकौना द्वारा थाना पर विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की गई। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ-साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग की गई जिसमें बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी इकौना द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर आदि का भ्रमण किया गया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई व लम्बित माल मुकदमाती वाहनों/मालों के निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ऑफर
आप यहाँ
अपना
विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

अन्य
खबरों के
लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# आगामी पर्व को लेकर थाना कटरा में पीस कमेटी की बैठक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी इकौना व क्षेत्रधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना श्रावस्ती परिसर में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी व अन्य संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। मीटिंग में उपस्थित सभी संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही साथ कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।

## दोस्त के भाई ने चाकू से गला रेता, हालत गंभीर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा में दोस्त के भाई ने अपने ही घर में युवक को गला रेतकर जान से मारने का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी लल्लू हलवाई के बेटे मनोज किसी गांव के युवक बृजू पुत्र चेतराम से दोस्ती है रात 7=00 बजे मनोज जब अपने घर में मौजूद था तो बिरजू उसके घर आया और उसे अपने साथ अपने घर ले गया। बिरजू घर से दूध लेने के लिए कहीं चला गया।

इसी बीच बिरजू के भाई उदय पाल से मनोज का विवाद हो गया। उदय पाल ने तेज छुरी से मनोज का गला काट दिया था। मनोज खून में लथपथ होकर जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। उदय पाल छुरी सहित मौके से फरार हो गया। ब्रजू दूध लेकर वापस लौटा तो अपने दोस्त को खून में लथपथ हालत में तड़पता हुआ देखकर उसके परिवार को सूचना दी। परिवार के लोगों ने देर रात मनोज को शंकरा हॉस्पिटल रतूपुरा में भर्ती कराया। उसे गंभीर हालत में काशीपुर रेफर कर दिया गया। देर रात तक उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। ब्रजू ने वीडियो क्लिप में अपने भाई द्वारा मनोज पर छुरी से हमले की बात कही और इसी के आधार पर मनोज के पिता लल्लू सिंह ने धारा 307 आईपीसी के तहत उदयपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है आईपीसी के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है

## अपर्णा औद्योगिक केंद्र की गुलफ्शा का स्टेनो पद पर चयन

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्र छात्राओं का सरकारी सेवाओं में चयन होने का क्रम जारी है ठाकुरद्वारा के छात्रों का चयन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुरादाबाद में स्टेनो के पद पर किया गया है । गुलफशा जहां निवासी गोपीवाला का चयन राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरादाबाद में स्टेनो पद के लिए हुआ है मार्च 2022 को अपर्णा ओद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र , में चयन के उपरांत धन्यवाद प्रेषण किया एवम संस्थान से नियुक्ति पत्र प्राप्त किया इस दौरान छात्र - छात्राओं ने तालियां बजा कर गुलफशा जहां का उत्साहवर्धन किया प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर ने बताया कि केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर देश और प्रदेश कौने कौने में सरकारी नौकरियों पर छात्र तैनात है पूरे देश में अपर्णा ओद्यौगिक प्रशिक्षण केंद्र का सरकारी नौकरियों दिलाने में नाम रोशन है अपर्णा ओद्यौगिक प्रशिक्षण केंद्र,( रामसिंह सेंटर ) ठाकुरद्वारा में चयन के उपरांत संस्थान पर पहुँचे और संचालक अनिरुद्ध सिँह चौहान को अपने उज्ववल भविष्य के निर्माण के लिए धन्यवाद कहते हुए उनका आभार व्यक्त किया इस दौरान अनिरुद्ध चौहान ने कहा कि संस्थान युवाओं की प्रतिभा को निखार कर उनके अच्छे भविष्य का निर्माण करता है।उन्होंने कहा कि हम स्टेनो, क्लर्क के साथ साथ अधिकारी भी बनाते है।जिसका परिणाम आज सबके सामने है, इस तरह से सभी छात्र छात्राएं मेहनत कर अपने पेरेंट्स अपना व,देश का नाम, भी रोशन करते रहें

## सचिव पर,लगाया रिश्वत लेकर नियुक्ति करने का आरोप

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- तहसील क्षेत्र के विकासखंड डिलारी के ग्राम पंचायत धीगारपुर मुलावान की ग्राम प्रधान अफसाना बेगम ने जिलाधिकारी डीपीआरओ, डीडीआरओ मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायत पत्र भेजकर डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।ग्राम प्रधान का आरोप है की डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती पंचायत स्तर पर हुई थी इसमें हमारे ग्राम पंचायत सचिव विकास कुमार त्यागी ने गांव मे अलाउंस करा कर भर्ती में आवेदन मांगे गए थे।इसमें अरबी फारसी बोर्ड लखनऊ मार्कशीट के अलावा सभी बोर्ड की मार्कशीट माननीय है सचिव कहे जाने पर ग्राम प्रधान ने मुनादी करा दी सचिव ने बिना किसी पूर्व सूचना के चुपके से अभ्यार्थी अजीम पुत्र बाबू खान अरबी फारसी बोर्ड के के आवेदन लेकर और घूस लेकर ग्राम प्रधान के बिना प्रस्ताव के प्रस्ताव कर दिया और ग्राम प्रधान को कोई जानकारी नहीं दी ग्राम पंचायत में अनेक अभ्यर्थी अरबी फारसी बोर्ड के जिनके अंक अजीम पुत्र बाबू खान से ज्यादा है वह अभ्यार्थी इस भर्ती में आवेदन करने से वंचित रह गए हैं जिसके कारण अरबी फारसी बोर्ड के अभ्यार्थियों मे काफी रोष है अजीम पुत्र बाबू खान के अलावा किसी और का फॉर्म गलत सूचना दिए जाने के कारण जमा नहीं कर पाए सचिव ने चोरी से अज़ीम पुत्र बाबू खा के आवेदन घूस लेकर अपने आप प्रस्ताव कर दिया है ग्राम प्रधान को बिना सूचित किए हुए आवेदन पास कर दिए गए सचिव विकास कुमार त्यागी द्वारा अभ्यार्थियों को गुमराह किया जा रहा है नियमों का पालन किए बगैर प्रस्ताव किया है ग्राम प्रधान अफसाना बेगम ने जिलाधिकारी डीपी आरओ डीड़ीआरओ मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ को शिकायत पत्र भेजकर भर्ती पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा किसानों की अच्छी फसल पैदावार कैसे अगवत कराया

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पर हुआ कृषिक तकनीकी परीक्षण का आयोजन ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर कृषि तकनीकी परीक्षण मे कृषि तकनीकी विधि के प्रति जागरूक किया गया तीन दिवसीय कृषि परीक्षण में केंद्र के प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार ने वृद्धा मुद्रा परीक्षण पर विस्तार से चर्चा की जिला उद्यान अधिकारी मुरादाबाद गया प्रसाद ने किसानों से आह्वान किया किसान अन्य फसलों के साथ-साथ बागवानी करके कैसे अधिक धन लाभ कमाया जाए क्षेत्रीय प्रबंधक यसवीर सिंह ने बताया के यूरिया का अधिक प्रयोग कितना हानिकारक है कृष्ण किसान को बताया नैनो यूरिया का प्रयोग करके लागत कम करके अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है राष्ट्रीय कृषि परीक्षण मलपुरा के परीक्षक अधीक्षक रामगोपाल सिंह ने किसानों से फसल खेती करने की सलाह दी पशु चिकित्सक अधिकारी कुलदीप सिंह ने पशुओं में टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया इस अवसर पर रणवीर सिंह दिनेश कुमार क्षेत्र के कृषक सुखविंदर सिंह बलजीत सिंह हरपाल सिंह आदि ने भाग लिया एवं तकनीकी परीक्षण का लाभ उठाया

## नगर की समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, शिवेंद्र गुप्ता ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के नाम एक संयुक्त मांग पत्र अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार को सौंपा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष शिवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मांग पत्र के माध्यम से नगर में सभी नलों की जांच कराकर सभी नल संपूर्ण रूप से चालू कराये जाय ,नगर में गौ आश्रम केंद्र की निमित्त सफाई की व्यवस्था विभन्न स्थानों व तिकोनिया पार्क पर बस स्टैंड पर ठंडे पानी के लिऐ वाटर कूलर लगाने की व्यवस्था जल्द कराई जाए व नगर में सार्वजनिक स्थानों पर हो रही नल के दुरुपयोग गंदगी रोकने के लिऐ व नगर में जगह जगह गले हुए कूड़ेदान को हटाकर नय कूड़ेदान लगवाने के लिऐ कूड़ेदान गल जाने से कूड़ा सड़क पर पड़ा रहता है इन सभी समस्याओं से पालिका अधिशासी अधिकारी को अगबत कराया है उधर अधिसाशी अधिकारी ने समस्त समस्याओ का जल्द ही निस्तारण करने का आश्वाशन दिया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Despite the corona

There has been such a wave of corona in some provinces of China, which did not come in the last two years. Corona cases have reached their highest level in two years. Authorities in Shanghai and other major cities have ramped up targeted lockdowns and investigations to contain the highly contagious Omicron virus. For the first time since the initial days of the epidemic in China, Covid cases have crossed the 1,000 mark this week. Although the figures that come from China, which gave Kovid-19 to the world, cannot be completely trusted, but even then according to official calculations, there were a total of 1,369 cases in more than a dozen provinces in China till Friday.

Given China's zero-covid strategy, these cases are high, where it can also be seen as a failure. There, since there is no trend to criticize the government, the government does what it thinks is appropriate and the Chinese government has now decided to strictly lockdown."It should be kept in mind that even today, China follows every single case of corona, as it was once tried in India in the early days. We have failed to pursue each and every case and China has been successfully carrying out this measure for more than two years.

Secondly, China keeps a close watch on those going out of the country or coming from outside. The infection may have spread from there to the world, but infection is not allowed to enter China from anywhere. Every suspect coming from outside is still quarantined there and only after being convinced is allowed to go among the population. Vaccination has taken place on a large scale in China. About three billion doses have been given, with a large part of the country's population receiving a third dose. Yet the virus has been exploding intermittently in China since November."Some scientists say that there is a lack of trust in China's vaccines, due to which it is China's compulsion to strict. Still, if China relaxes the corona guidelines, the epidemic may explode. Various types of corona virus are still being found active there. Some viruses are of a very dangerous type, which have been stopped only through lockdown and confinement. Despite some shortcomings, we should see that the total cases there are not even 1,500, while the total active cases registered in India is more than 40,000 and still more than 3,000 new cases are coming daily.

Despite so many cases, India has moved ahead leaving the lockdown behind completely, perhaps this is the reason why Corona is still with us. Similarly, in America, there are still close to 40,000 cases per day. On the other hand, Chinese officials are working with the goal of breaking the chain of infection as soon as possible. There people are kept in solitude by delivering food and essential items directly. Wherever some cases of infection are found, there is complete strictness, but in other areas, commercial or industrial work is carried forward at full speed. This is the strategy that Corona is also under control there and the growth rate is also in double digits.

www.knlslive.com


# Boyfriend used to do wrong things with Tina Dutta, Jaleel used to treat actress like this in front of friends



We cannot even imagine how much dark reality is hidden behind the dazzling life of TV and Bollywood. There is so much pain and suffering behind the smiling faces on the screen, sometimes they come to the fore even without wanting to. Most of the actresses have suffered from casting couch to abusive relationships in their career. This time TV actress Tina Dutta has made some shocking revelations of her personal life. Tina Dutta had once openly expressed her pain about her abusive relationship. Tina Dutta had told that her ex-boyfriend used to talk to her in abusive language. He had tortured Tina mentally and physically a lot. The actress had also told that her boyfriend used to humiliate her in front of friends. In an interview given to ETimes, the actress had told, 'I was in a relationship with a non-industry boy at that time. We were together for about 5 years. We met through common friends. He was very abusive, both verbally and physically. That boy used to insult me ??even in front of my friends. There came a time when my confidence was shattered. However, Tina got out of this relationship in time. Tina has a huge fan following on social media. She often shares her hot and bold pictures on social media, the actress has more than 2 million followers on Instagram. Tina Dutta gained popularity after playing the character of Ichha in the serial 'Uttaran'. Television sensation Rashmi Desai was also seen with him in this show. The show ruled the TRPs for a long time.

# Lockup: Shivam Sharma used to have sex with his mother's friend, said - used to take pasta for the neighbor's sister-in-law and ...

New controversies and revelations are being seen in the Kangana Ranaut hosted show 'Lockup'. In the recent episode, the names of Shivam Sharma, Karanvir Bohra and Payal Rohatgi came in the chargesheet and Shivam Sharma decided to open one of the biggest secrets of his life by pressing the buzzer. Let us tell you that any contestant who reveals a big secret of his life by pressing the buzzer gets a chance to avoid nomination. Shivam told after pressing the buzzer that he had a relationship with his mother's friend. Sister-in-law was divorced, so I was with her...- Shivam told, 'There was a divorced woman who was his sister-in-law, this woman used to live in my neighborhood and she was my mother's friend. There is nothing wrong with it because she was divorced and I wanted to help her with her sexual life. I make great white pasta sauce, so I used to take this pasta to their place and have a good time. This is a very old thing now because I was in college at that time and 8-9 years have passed since this thing. He used to warm the bed at sister-in-law's house - host Kangana Ranaut asked Shivam to tell his secret in exactly the same words as he had written in the contract. To this Shivam started reading aloud, 'There used to be a sister-in-law in the neighborhood of my old house, she was divorced and she was my mother's friend. She also wanted the same and I am handsome in appearance, so she was also interested in me. So in this way these things were not one sided, it was from both sides.'



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## सावधानी और जागरूकता से ही सुरक्षा- अंकिता सक्सैना



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-महिलाओं के सशक्तिकरण पर ही देश व समाज का अस्तित्व निर्भर है। लेकिन सुरक्षा के लिए आपकी सावधानी और अधिकारों के प्रति जागरूकता भी बहुत जरूरी है। यह कथन महिला कल्याण अधिकारी अंकिता सक्सैना ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में चल रहे महिला जागरूकता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नगर के निधौली रोड स्थित मायादेवी रामचन्द्र आर्य कन्या जूनियर हाईस्कूल में सुरक्षा वारियर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को सुरक्षा के टिप्स देते हुए महिला कल्याण अधिकारी ने बताया, कि अपने घरों में रसोईया अथवा नौकर रखने से पूर्व उनका पुलिस वैरिफिकेशन जरूर करा लें। यात्रा करते समय गाड़ी का नम्बर और मोबाईल से अपनी लोकेशन अपने स्वजनों के साथ साझा करें। इसके अलावा उन्होने सरकार द्वारा संचालित महिला हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी भी छात्राओं को दी। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी सुखवीरसिंह यादव, जिला समन्वयक पूजा मिश्रा, वन स्टॉप सेंटर मेनेजर ललितासिंह, प्रधानाचार्य आभा वर्मा, नंदिनी , अमन, अंकित कुमार, सुधीर कुमार एंव स्कूली छात्राऐं मौजूद रहीं।

## सिद्ध चक्र पूजा से कर्म कटते हैं-चैत्यसागर मुनिराज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जो व्यक्ति भाव पूर्वक सिद्धचक्र विधान करता है उसके पापों का नाश होकर वह आगे चलकर मोक्ष प्राप्त करता है जिस प्रकार राजा श्री पाल ने किया था।मेरे गुरु आचार्य श्री विमलसागर जी की जन्म भूमि पर पहली बार हो रहा विधान कोसमा वासियों के लिये विशिष्ट फल दाई होगा।उपरोक्त विचार प्रमुख जैन संत आचार्य चैत्यसागर जी ने कोसमा में चल रहे विधान में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को धर्म उपदेश देते समय कहे।सर्वप्रथम प्रातः जिन प्रतिमाओं का पंचामृत अभिषेक किया गया नित्य पूजा के बाद पंचमेरु, नंदीश्वर व सिद्ध की पूजा के बाद 64 अर्घ्य द्वारा सिद्धों की पूजा पंडित श्री आनंद प्रकाश जी कोलकाता ने कराई जिसमें उन्होंने पूजा की सही विधि को भी समझाया साथ ही डॉ सुशील जैन मैनपुरी ने सरल भाषा मे प्रवचन करते हुये बताया जो आत्मा को कसे उसे कषाय कहतेहैं,ये 4 होती हैं क्रोध,मान, माया, लोभ उन्होंने कहा क्रोध कहीं से आता नहीं हम खुद करते हैं,सो इसे रोकना भी हमें ही होगा।गाली मत दो,बुरे शब्द मत बोलो, हित मित प्रिय बोलो।पानी की बाल्टी बनो,गैस का सिलिंडर नहीं जो खुद भी जलता है दूसरों को भी जला देता है श्री साजन जैन की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वार्थ का संसार नाटक प्रस्तुत किया कार्यक्रम में उपस्थित आर.के जैन मुंबई, चिंतामणि जैन जयपुर,रविन्द्र बज जयपुर,शांतिलाल टोंग्या,राजेश काला,शरद जैन,जौली जैन,विवेक जैन,अमित जैन,विमल ऊषा मार्सन्स, अन्य भक्तगण औरंगाबाद, नागालैंड, अमेरिका,महाराष्ट्र से आए भक्तगण .

## महिला शक्ति ने किया रंगोत्सव कार्यक्रम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नगर में जेल रोड जिला सहकारी बैंक के सभागार में भाजपा के विजयी होने एवं होली के शुभ अवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम का महिला शक्ति द्वारा आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य भूमिका भाजपा नेत्री सुभ्रा भूपेन्द्र सिंह की रही ।उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की जिला महिला संयोजिका के साथ एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती करन उपाध्याय का सहयोग रहा ।कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में प्रमुख रूप से अध्यक्षता करने वाली श्रीमती श्यामलता वेद, मुख्य अतिथि निरुपमा सिंह ,चेयरमैन मीरा गांधी के साथ ही शहर की सम्मानित महिलाएं मंचासीन रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। और तमाम सम्मानित महिलाओं ने अपने गुलाल व फूलों के साथ एक दूसरे के गालों पर गुलाल लगाते हुए पुष्प वर्षा के साथ साथ होली का आयोजन किया गया। उसी के साथ ब्रज का नृत्य प्रस्तुत झांकियां का नृत्य देखकर सभी कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली नारी शक्ति भाव विभोर हो गयी, और नाच कूद के साथ कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया । भोजन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया ।जिसमें मुख्य रुप से कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती चंद्रेश जैन, सरिता एडवोकेट ,गीता दीक्षित ,श्रीमती किरन निदेशक स्टोर ब्यूटी थेरेपी, नगर पालिका अध्यक्ष मीरा गांधी, भाजपा नेत्री प्रेमलता राजपूत ,राधा रानी, ज्योति रानी,सीमा , श्रीमती पूजा, मुन्नी देवी, अंजू सिंह,ममता गुप्ता, उपासना सिंह, सुभ्रा सिंह,शशि वाष्णेय, उमा पुंडीर, गीता शर्मा, लता ,सुरभि पराशर,अलका, सुमन,लगभग एक सौ महिलाएं उपस्थित रही।

## स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन-2022 के तहत नामांकन आज से

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मथुरा-एटा-मैनपुरी और कासगंज स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित दो सदस्य जिनका कार्यकाल 07 मार्च 2022 को समाप्त हो रहा है, के द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किए निर्वाचन कार्यक्रम के अन्तर्गत नामांकन करने की तिथि 15 मार्च, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 19 मार्च, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 21 मार्च 2022, नाम वापिसी हेतु अंतिम तिथि 23 मार्च निर्धारित गई है। इसके अलावा मतदान 09 अप्रैल को एवं मतगणना 12 अप्रैल को होगी। साथ ही 16 अप्रैल 2022 तक निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## कपड़ा उद्योग को फ्लैट रेट पर बिजली मुहैया कराए उत्तर प्रदेश सरकार: अब्दुल हफीज़ गांधी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गंजडुंडवारा - सुजवालपुर, गंजडुंडवारा ब्लॉक, जिला कासगंज में आज शमशुल प्रधान जी के पॉवरलूम में जाकर कपड़ा बनने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। प्रधान जी से कपड़ा उद्योग में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर एक सार्थक चर्चा हुई। कपड़ा उद्योग की मुख्य मांग फ्लैट रेट पर बिजली मुहैया कराना है। समाजवादी पार्टी की तरफ से मैं मांग करता हूँ कि मौजूदा भाजपा सरकार इस तरफ ध्यान दे। समाजवादी पार्टी सरकार में पॉवरलूम को फ्लैट रेट पर बिजली मिलती थी जिसे भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया था। हमारी माँग है कि फ्लैट रेट की व्यवस्था फिर से लागू की जाए। उत्तर प्रदेश के काफी जिलों में कपड़ा बनाने के कारखाने लगे हैं। इस उद्योग को सरकार सब्सिडी पर बिजली मुहैया कराए तभी यह उद्योग तरक्की करेगा। आज के इस दौरे में डॉ अज़रुल अंसारी भी मौजूद रहे।

www.knlslive.com

## श्यामनगर में एक व्यक्ति ने चूमा फाँसी का फंदा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कोतवाली नगर के मोहल्ला श्यामनगर में एक व्यक्ति ने अपने ही घर मे फाँसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया । प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक जयप्रकाश यादव उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अलीगढ़ डिपो में चालक के पद पर कार्य रत थे आज सोमवार को जब मृतक की पत्नी सुबह अपने घर के कार्य करने के लिए जागी तो देखा कि घर के आंगन में ऊपर जाल पर फांसी के फंदे पर अपने पति को लटका देख घर मे कोहराम मचगया तभी मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और जब देखा तो जय प्रकाश मृतक हो चुका था । तभी मोहल्ले वासियो ने कोतवाली नगर को सूचना दी मोके पर पहुची कोतवाली नगर की पुलिस ने मृतक के शरीर को फाँसी के फंदे से नीचे उतार कर अपनी कार्य बाही करते हुए मृतक के शरीर को पी एम ग्रह पर पहुचाया । जिसमे मृतक की पत्नी वीना देवी ने वताया कि हमारे पति जयप्रकाश तीन दिन से लापता थे मैंने कोतवाली नगर में 11 मार्च 2022 को एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें राजू यादव ग्राम सैलार कोतवाली देहात मेरे पति को तीन दिन से कही ले गए है और जब मैने राजू से जानकारी ली तो मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा और जब मेने पूछा कि मेरे पति कहा है तो मुझ से कहा कि मुझे नही मालूम और गलत नियत दिखाते हुए मेरे साथ छेड़ छाड़ करने लगा तभी में कोतवाली नगर गई ओर मेने कोतवाली नगर में एक प्रर्थना पत्र भी राजू के खिलाफ दिया विना खाना खाएं ही सो गए व जब सुबह मेने देखा कि मेरे पति जयप्रकाश फाँसी के फंदे पर लटक हुए है तो मेरी चीख निकल गई तभी मोहल्लेवासी आये और उन्होंने पुलिस को अवगत कराया ।

## जनदर्शन सह जनसंवाद कक्ष में प्राप्त जाति प्रमाण पत्र के आवेदन को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में आज जिला कलेक्टोरेट में स्थित जनदर्शन सह जन संवाद कक्ष में विभिन्न मांगो एवं समस्याओं को लेकर जनसंवाद कक्ष में पहुंचे ग्रामीणों जनो की आवेदनों जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वेतन भुगतान के आवेदन का अवलोकन किया। उन्होंने राजस्व अमला को प्राप्त जाति प्रमाण पत्र के आवेदन को नियमानुसार कार्यवाही कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने आज ने आज जनदर्शन सह जनसंवाद कक्ष में मनरेगा अंतर्गत कुआं एवं डबरी निर्माण के लिए आए आवेदन का भी अवलोकन किया। राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, के आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने राजस्व से संबंधित प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए है।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में किसान मोर्चा मंडल ओड़गी कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी-भाजपा किसान मोर्चा मंडल ओड़गी की प्रथम कार्यसमिति की बैठक किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकरण साहू व भाजपा मंडल ओड़गी अध्यक्ष राजेश तिवारी की उपस्थिति में सामुदायिक भवन इंदपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार जब से सत्ता में आई है तब से किसानों को ठगने का काम कर रही है पिछले वर्ष 2020-21 का धान का बोनस अभी तक नहीं दे पाई है।इस मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव कुमार राजवाड़े, जिला महामंत्री किसान मोर्चा विभिषण यादव,

- जिलाध्यक्ष अध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना
- 2020 -21 धान खरीदी का बोनस अभी भी बाकी

भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण गुर्जर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल महामंत्री बृजेश कुमार काशी, महामंत्री केशव प्रसाद सिंह ,कोषाध्यक्ष संधारीराम यादव ,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनीता यादव ,मंत्री सुशांता यादव, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद दुबे, मंत्री रमेश सोनी, महामंत्री नरेश राजवाड़े ,सुधीर चौबे , ऋषि राज गुर्जर ,राममोहर यादव , रावेन्द्र गुर्जर, महेश देवांगन व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे?।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

## होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार को शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण ढंग मनाएं- कलेक्टर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में होली एवं शब ए बारात त्यौहार को शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से आयोजित करने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्री शिव कुमार बनर्जी, प्रशिक्षु आईपीएस श्री संदीप कुमार पटेल, एसडीएम रवि सिंह, डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान, नगर पालिका अध्यक्ष श्री के के अग्रवाल, जनप्रतिनिधिगण, समाज प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी उपस्थित जनों से सुझाव आमंत्रित किए तथा खुशी का त्यौहार है

सभी मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने आग्रह किया । बैठक में होलिका दहन का स्थल, होलिका दहन रात्रि 10:00 बजे तक, अपशब्दों का प्रयोग ना करने, जबरन रंग ना डालने, बच्चों की परीक्षा के कारण कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग ना करें कहा गया है। कलेक्टर ने सभी समाज प्रमुखों को समाज के सभी वर्गों के मध्य सौहार्द बनाए रखने हेतु अपील किया है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था एव गस्त की व्यवस्था की जाएगी। पेट्रोलिंग व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने गाड़ियों में ज्यादा सवारी ना बैठने कहां है। होली के दिन किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो नदियों के किनारे एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था तैनात की जाएगी।

सभी से सहयोग करने आग्रह किया है। कलेक्टर डॉ सिंह ने लाइट की व्यवस्था दुरुस्त रखने नगर पालिका को निर्देश दिए हैं तथा किसी भी प्रकार के आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य अमले की ड्यूटी लगाने सीएमएचओ को निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक के दौरान नैसर्गिक प्राकृतिक रंगों गुलाल, अबीर का प्रयोग करने कहा गया है। रासायनिक रंग, पेंट, रंगों के गुब्बारे का प्रयोग करने से परहेज करने कहां है।

## अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए हुए विविध आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

- √ महिला सुरक्षा को लेकर हुए चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता में 300 बच्चों ने लिया हिस्सा
- √ बालिकाओं ने महिला सुरक्षा और अधिकारों सहित विभिन्न आकर्षक चित्रकारी व निबंध का किया प्रदर्शन
- √ पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता बाईक रैली

सूरजपुर-अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ विश्व महिला दिवस के अवसर पर किया गया था जिसका समापन सोमवार 14 मार्च को हुआ। शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने थाना-चौकी प्रभारियों को पूरे सप्ताह महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के आयोजन करने एवं जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में जिले में अभिव्यक्ति महिला जागरूकता अभियान के तहत प्रतिदिन महिलाओं की सुरक्षा के विषयों को लेकर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। जिले में बड़ी तादात में छत्तीसगढ़ पुलिस के महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप को महिलाओं के मोबाईल में इंस्टाल कराया गया और उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस के महिला अधिकारी स्कूल-कालेजों में जाकर अभिव्यक्ति कार्यक्रम में बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। जिले में महिला सुरक्षा विषय को लेकर निबंध एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें करीब 300 छात्राओं ने हिस्सा



लिया जिसमें कई रोचक चित्रकारी एवं प्रेरणादायक निबंध प्राप्त हुए। सोमवार को इन चित्रकारी एवं निबंधों का प्रदर्शनी जिला पुलिस कार्यालय सूरजपुर में लगाया गया जिसका अवलोकन पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल सहित पुलिस अधिकारियों ने करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए महिला सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण संबंधी प्रेरणादायक विषयों को सामने लाने पर उन्हें बधाई दी। महिलाओं के लिए भयमुक्त वातावरण तथा सुरक्षा को लेकर पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की बाईक रैली को पुलिस अधीक्षक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस की यह बाईक रैली जिला पुलिस कार्यालय से रवाना हुई और कोतवाली तक गई। समापन कार्यक्रम में निबंध व चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुलिस अधीक्षक ने उपहार भेंट किया वहीं चित्रकारी में प्रथम निहारिका सोनवानी एवं द्वितीय श्वेत सोभना कुजूर तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रेशमी सिंह एवं द्वितीय अनिता सिंह को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी मुख्यालय पी.एस.महिलाने, डीएसपी नंदिनी ठाकुर, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, अग्रिमा मिश्रा, एएसआई विराट विशी सहित पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे व उनके परिजन मौजूद रहे।

## अभिव्यक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेण्ड्रा साप्ताहिक बाजार में जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन





ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के नेतृत्व में महिला सेल प्रभारी, महिला सेल काउंसलर एवं समर्थ समिति के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन जिले में लगातार किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत आज पेण्ड्रा के साप्ताहिक बाजार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टोनही प्रताड़ना अधिनियम, दहेज प्रतिषेध, बाल विवाह पीड़ित क्षतिपूर्ति एवं घरेलू हिंसा के बारे में आमजनों को जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त गुड टच बैड टच के बारे में भी विस्तृत जानकारी महिला सेल प्रभारी के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही राज्य सरकार के द्वारा जारी अभिव्यक्ति एप के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी देकर सभी को अभिव्यक्त एप डाउनलोड करा कर उसके उपयोग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश जालान, श्रीमती शोभा पाठक, श्रीमती पूजा पवार, श्रीमती अनिता ताम्रकार, श्रीमती जलेश सिंह, श्रीमती विद्या राठौर, सहाना खान, श्रीमती प्रतिभा जैन, श्रीमती प्रीति त्रिवेदी, श्रीमती रामेश्वरी धुर्वे, श्रीमती उषा माधवानी प्रधान आरक्षक सत्या बिसेन, महिला आर. रेशु गौतम, शकुन वती, आर. मोती लाल पैकरा उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का 02 वर्ष से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## जीपीएम पुलिस ने चित्रकूट से किया आरोपी को गिरफ्तार



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-थाना गौरेला का है दिनांक 19/9/20 को कारीआम चेक नाका में रूटीन चेकिंग के दौरान एक सफेद कलर की बोलेरो क्र-96 ई 2015 को रुकवाया गया जो बोलेरो रुकने पर दो आदमी उतर कर जंगल तरफ भाग गए, चेकिंग स्टाफ को शंका होने पर गाड़ी को कवर कर गाड़ी में बैठे 02 व्यक्ति से पूछताछ किये जो गोलमोल जवाब दे रहे थे जो गाड़ी से गाँजा की खुशबू आने पर गाँजा होने की आशंका पर दोनों को पकड़कर थाना प्रभारी गौरेला के द्वारा व्यक्तियों से पूछताछ एवं मामले की जांच पर पाया कि आरोपी जितेंद्र सिंह पटेल पिता मोतीलाल पटेल निवासी लबेद थाना मऊ जिला चित्रकूट ह्वश्च एवं धनराज सिंह पटेल पिता राम कृपाल पटेल 38 साल निवासी मोंगरा, थाना रायपुरा जिला चित्रकूट ह्वश्च अपने दो अन्य साथियों के साथ गाँजा 40 किलोग्राम रायपुर से चित्रकूट ले जा रहे थे। जो चेकिंग के दौरान पकड़े गए। नारकोटिक एक्ट के प्रावधानों के तहत 40 द्मद्द गांजा, 04 मोबाइल, 1 बोलेरो क्र-96 ई 2015 को जप्त कर मौके पर विधिवत कार्यवाही कर उपरांत थाना गौरेला में अपराध क्रमांक 176/20 धारा 20( बी ) ह्ष्छक्र एक्ट कायम कर आरोपी जितेंद्र सिंह पटेल पिता मोतीलाल पटेल निवासी लबेद थाना मऊ जिला चित्रकूट ह्वश्च एवं धनराज सिंह पटेल पिता राम कृपाल पटेल 38 साल निवासी मोंगरा, थाना रायपुरा जिला चित्रकूट ह्वश्च को तत्समय गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण में अन्य दो फरार आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। जीपीएम पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के द्वारा मामलों की समीक्षा कर पूर्व के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरेला युवराज तिवारी के द्वारा अपनी टीम के साथ आरोपी की पतासाजी करते हुए चित्रकूट जाकर फरार आरोपी लवकेश सिंह पटेल उर्फ रविंद्र पिता काशी प्रसाद उम्र 37 साल साकिन देहूरोड थाना रायपुरा तहसील राजापुर जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कैम्प कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

# एसडीएम, तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों को समय अवधि में निराकरण करने दिए निर्देश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कैम्प कार्यालय में राजस्व अधिकारीयों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सर्व एसडीएम, तहसीलदारों को कार्य में प्रगति लाते हुए सभी लंबित प्रकरणों को विधि अनुसार समय अवधि में निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के सभी पटवारी हल्का वार कैम्प लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होने सर्व एसडीएम को विवादित बंटवारा, नामांतरण सीमाकंन के कार्य को यथाशीघ्र निराकृत करने निर्देशित किया है। उन्होंने निराकृत समस्त प्रकरणों को प्रविष्टि करने, अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन, जनसंवाद, जन चौपाल, पीएम पोर्टल सहित अन्य प्रकरणों की आवेदनों का भी समयावधि में निराकरण करने सख्त निर्देश दिए हैं तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करने की हिदायत दी है। उन्होने सभी पटवारीयों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देशित किए है। अगामी दिवसो में पटवारी हल्का वार कैम्प कोर्ट आयोजित करने कहा जिसके लिए समस्त एसडीएम को रोस्टर तैयार करने निर्देश दिए साथ ही कहा की आम जानो को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने एवं फिल्ड में आने वाले समस्याओं का निराकरण करने अब कैम्प कोर्ट का आयोजन करने निर्देशित किया। उक्त बैठक में उन्होने ओडगी व बिहारपुर तहसील के राजस्व प्रकरणों एवं शिकायतो के निराकरण में प्रगति लाने 17 मार्च को सुबह कलेक्टोरट सभाकक्ष में ओडगी व बिहारपुर के तहसील के समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीयों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान सर्व एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

# 24 वा निशान महोत्सव बड़े धूमधाम से निकाला गया



अमरीक सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बहराइच- 24 वा निशान महोत्सव बड़े धूमधाम से निकाला गया जिला बहराइच थाना मटेरा में बड़ी माता मंदिर से सतरंगी 24 वां निशान महोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मटेरा से निकाल कर भौवखारा होते हुए मटेरा चौराहा चीनी मिल नानपारा श्याम भक्तों ने अपना अपना निशान श्री श्याम बाबा मंदिर में मैं चढ़ाया तमाम भक्तगण मटेरा विधानसभा मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल अमरीश मित्तल अंकित मित्तल आयुष अग्रवाल दीपू अग्रवाल अनुज अग्रवाल महिलाएं भी अपना अपना निशान श्री श्याम बाबा नानपारा मैं अपना निशान चढ़ाया और अपना मनोकामना पूरा किया

WWW.KNSLLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knslive@gmail.com


# एक टूटे हुए परिवार को मिलाकर एक किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को मिलाकर एक किया गया, मामला करिश्मा पुत्री वीरेश कुमार निवासी ग्राम आकलाबाद ज़िला फ़िरोज़ाबाद व उसके पति राजकुमार पुत्र महिपाल निवासी सिहापुर थाना जलेसर ज़िला एटा का है , दोनो ही आपसी विवाद के चलते काफी समय से अलग-अलग रह रहे थे, आज समिति के सामने दोनो पेश हुए, दोनो को समझाकर गलत फहमी दूर कराई गई, दोनो को खुशी खुशी विदा किया गया, आज की बैठक में परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर डॉ श्यामलता वेद, अकरम खान, डॉ निरुपमा वर्मा, ब्रजवाला वशिष्ठ, नीलम , सचेन्द्र गुप्ता के अलावा परिवार परामर्श पुलिस स्टाफ हैड कांस्टेबल मिथलेश, हैड कांस्टेबल मंजू अग्रवाल, कांस्टेबल धर्मवीर , कांस्टेबल चंचल , मीना रानी मौजूद रहीं

# वर्चुअल क्लासेज के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



WWW.KNLSLIVE.COM

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद के विवेचकगणो को विवेचना संबंधी बिंदुओं/वैज्ञानिक तरीकों की गहन जानकारी उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से वर्चुअल क्लासेज के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण। श्री सुजीत पांडे अपर पुलिस महानिदेशक एटीसी सीतापुर, डॉ निवेदिता सिंह वैज्ञानिक अधिकारी, डॉ पंकज श्रीवास्तव एफएसएल सागर मध्य प्रदेश, व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अधिकारी श्री अनिल कुमार राणा द्वारा वर्चुअल क्लास के माध्यम से जनपद के विवेचक गणों को विवेचना संबंधी बिंदुओं/वैज्ञानिक तरीकों की गहन जानकारी उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता , क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह, क्षेत्र अधिकारी सदर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर एवं शहरी ग्रामीण थानों के 10- 10 विवेचक तथा क्राइम ब्रांच के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# करोड़ों की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कर प्रशासनिक कार्यवाही



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधानसभा चुनाव खत्म होते ही अवैध कब्जों के खिलाफ अधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं। कोल क्षेत्र के गांव रामगढ़ मंजूपुर में अवैध कब्जों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। ग्राम समाज की करीब 2500 वर्ग मीटर भूमि पर कुछ लोगों ने काफी समय से कब्जा कर रखा था। ग्राम प्रधान ने पंचायतघर, ओपन जिम, पार्क आदि बनवाने के लिए भूमि की मांग की। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने उक्त भूमि चिह्नित की। कब्जा होने के कारण पैमाइश तक नहीं हो पाई। इसके बाद क्षेत्रीय प्रभारी राजस्व निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ निर्माण वाले हिस्से को बुलडोजर चलाकर खुर्द-बुर्द कर दिया गया। करीब 1.20 करोड़ रुपये की कीमत की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है।

www.knlslive.com

## पानी का कनेक्शन गड़बड़ होने पर करनी पड़ेगी जेब ढीली

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


अलीगढ़ - आवासीय व व्यावसायी भवनों में दिए गए पानी के कनेक्शन अगर क्षतिग्रस्त हो गए हैं तो इन्हें ठीक कराने के लिए जलकल विभाग की अनुमति तो लेनी ही होगी, साथ में प्लंबर भी विभाग का ही होगा। कनेक्शन कहीं और शिफ्ट कराने, नाले-नालियों से गुजर रही पाइप हटाने का कार्य भी विभागीय प्लंबर करेंगे। जीएम जल ने इसके दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कर्मचारियों के वार्डवार दायित्व भी निर्धारित कर दिए गए हैं।

## विधान परिषद के चुनाव के लिए 15 मार्च से नामांकन

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधान परिषद के चुनाव के लिए 15 मार्च से नामांकन शुरू हो रहे हैं। अलीगढ़ और हाथरस जनपद को मिलाकर एमएलसी की एक सीट के लिए चुनाव होना है। दोनों जनपदों को मिलाकर 3500 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चर्चा है कि भाजपा अलीगढ़ से किसी जाट समाज के प्रत्याशी को चुनाव लड़ा सकती है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि एमएलसी के चुनाव के लिए बजट की अधिक जरूरत पड़ती है।

## आवागढ़ थाना के कस्वा वसुंधरा में सेल्समेन के लूटपाट का विरोध करने पर मारी गोल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एका रोड़ पर बीयर के ठेके के अंदर कार्यरत सेल्समैन से लूटपाट के बाद मारी गोली, दो बाइको पर सवार चार बदमाशो ने की लूटपाट, लूटपाट का विरोध करने पर गोली मारकर फरार हुए बदमाश, घायल युवक का नाम उमेश यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी ग्राम पिपहरा थाना निधौलीकलां एटा बताया जा रहा है, करीब 50 हजार रूपये लूटपाट की ख़वर, एसएसपी उदय शंकर सिंह व एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाह और सीओ जलेसर इरफ़ान नाशिर खान पहुंचे घटनास्थल

## एटा में नहीं मिल रहा जाम के झाम से निजात



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में सड़कों पर लग रहे जाम से जनता को नहीं मिल रहीं निजात यातायात पुलिस की मुस्तेदी के बाद भी जाम के झांम से आमजनों को छुटकारा मिलते नहीं दिख रहा है कोतवाली नगर से लेकर अलीगंज तिराहे तक जाम के कारण लोगों को लग घण्टों एटा जनपद में बाईपास बनने के बाद भी जाम के झांम से निजात नहीं मिल पा रही हैं।


## होली पर सप्ताह भर तक नहीं थमेंगे रोडवेज के पहिए



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - रोडवेज से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रोडवेज होली पर्व को देखते हुए यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्था करने जा रहा है। एक सप्ताह तक रोडवेज के पहिए नहीं थमेंगे। चालक-परिचालक व स्टाफ के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की है जो 20 मार्च तक चलेगी। इसमें लगातार सप्ताह तक ड्यूटी कर लक्ष्य को पूरा करने वाले कर्मियों को वेतन के अलावा प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सभी रूटों पर यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों संचालन किया जाएगा।

## रोडवेज बस पलटने से लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल1 की मौत




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-फिरोजाबाद-नारखी थाना के एटा-आगरा रोड पर तजापुर चौकी के पास रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी, रोडवेज बस पलटने से लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे है 1 की मौत की खबर भी बताई जा रही है, रोडवेज पलटने की सूचना पर पहुंची तीन थानों की पुलिस, राहत कार्य में जुटे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी


## सिख कर्मचारियों और यात्रियों के लिए खुशखबरी, अब कृपाण लेकर कर सकेंगे हवाई यात्रा

हवाई सफर करने वाले सिख यात्रियों को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत दी है। पुराने फैसले को बदलते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें अब कृपाण के साथ हवाई यात्रा करने की परमिशन दी है। इसके अलावा एयरपोर्ट पर ड्यूटी करने वाले सिख कर्मचारी भी अपने साथ कृपाण रख सकेंगे। बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद देते हुए नए ऑर्डर की कॉपी ट्वीट की है। इस ऑर्डर में लिखा है कि सिख कर्मचारी-यात्री एयरपोर्ट पर कृपाण रख सकते हैं। ऑर्डर के मुताबिक एयरपोर्ट पर ले जाने वाले कृपाण के ब्लेड का साइज 6 इंच से ज्यादा और पूरे कृपाण का साइज 9 इंच से ज्यादा नहीं होना चाहिए।. गौरतलब है कि हाल ही में सिविए एविएशन मिनिस्ट्री द्वारा जारी ऑर्डर के मुताबिक एयरपोर्ट पर कृपाल ले जाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। कृपाण सिख समुदाय के पांच धार्मिक प्रतीकों में से एक है। सिख समुदाय के लोगों के लिए केश, कड़ा, कच्छा, कृपाण और कंघा धारण करना अनिवार्य है। एविएशन मिनिस्ट्री की तरफ से पिछले दिनों गाइडलाइंस जारी हुई थी उसके मुताबिक एयरपोर्ट पर सिख कर्मचारी या यात्रियों के कृपाण ले जाने पर रोक थी। पिछले हफ्ते अमृतसर के श्री गुरू राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक सिख कर्मचारी को इसलिए ड्यूटी ज्वाइन करने से रोक दिया गया क्योंकि उसके पास कृपाण था। अमृतसर एयरपोर्ट डायरेक्टर वेके सेठ ने इस बारे में कहा था कि- सिविल एविएशन डीजी द्वारा हाल ही में जारी गाइडलाइंस के मुताबिक ड्यूटी पर कोई कर्मचारी कृपाण धारण नहीं करेगा। उन्होंने कहा था कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं लेकिन गाइडलाइंस का पालन सभी को करना होगा।शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने सरकार के इस फैसले पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे सिखों के अधिकार पर हमला बताया था। उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को चिट्ठी लिखकर इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की थी।



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

## गम्भीर मरीजों के लिए राहत :लखनऊ में लोक बन्धु अस्पताल में चार बेड का एचडीयू वार्ड शुरू





लोक बन्धु अस्पताल की इमरजेंसी में गम्भीर मरीजों के लिए एचडीयू वार्ड शुरू हो गया। चार बेड के वार्ड में अभी दो बेड शुरू किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की मंजूरी के बाद अस्पताल प्रशासन ने एचडीयू वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट और वेंटिलेटर से लेकर अन्य जरूरी जीवनरक्षक उपकरण लगाए हैं। इमरजेंसी मेडिसिन और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। राजधानी के सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में पहली बार वेंटिलेटर से लैश एचडीयू वार्ड शुरू किए गए हैं। लोक बन्धु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर बताते हैं कि इमरजेंसी में गंभीर मरीजों के इलाज के लिए चार बेड एचडीयू वार्ड बन गया है। दो बेड क्रियाशील हो गए हैं। इसके शुरू होने से घायलों व इमरजेंसी में आने वाले गम्भीर मरीजों को इलाज में आसानी हो गई है।

## समाज को दर्द देने वाली नीतियों पर अंकुश लगाने की जरूरत; राज्यसभा में गूंजा दिल्ली में शराब पर छूट का मुद्दा




राजधानी दिल्ली में शराब पर छूट का मुद्दा सोमवार को राज्यसभा में भी गूंजा। राज्यसभा सदस्य सोनल मानसिंह ने दिल्ली में शराब विक्रेताओं द्वारा दी जा रही भारी छूट की कड़ी आलोचना की और कहा कि ऐसी नीतियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है, जो समाज को दर्द देती हैं। शून्यकाल के दौरान, सोनल मानसिंह ने कहा कि मैं सरकार से इस मुद्दे पर संज्ञान लेने का आग्रह करती हूं ताकि समाज को दर्द देने वाली ऐसी नीतियों पर अंकुश लगाया जा सके।दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति और शराब पर दी जाने वाली भारी छूट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने इसका विरोध किया और कई जगहों पर भारी विरोध प्रदर्शन भी किए गए, लेकिन दिल्ली सरकार इन सबसे बेपरवाह रही। वहीं, जब दिल्ली हाईकोर्ट ने इस योजना का संज्ञान लिया तो जल्दबाजी में इसे बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता के विरोध के बाद शराब विक्रेताओं पर कुछ धाराओं को लागू करने का आरोप लगाया गया।28 फरवरी को, दिल्ली आबकारी आयुक्त ने राजधानी में शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर किसी भी छूट या राहत को बंद करने का आदेश पारित किया था। आदेश में शराब की दुकानों पर भारी भीड़ के साथ-साथ अहितकारी बाजार प्रथाओं की छूट को बंद करने का कारण बताया गया और कहा कि विक्रेता प्रचार गतिविधियों में लिप्त हैं जो दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 8 मार्च को राजधानी में शराब की एमआरपी पर किसी भी छूट या राहत पर रोक लगाने वाले दिल्ली सरकार के फैसले पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## महज 9 सेकेंड में ध्वस्त हो जाएंगे सुपरटेक के यह ट्विन टावर, आधा घंटा बंद रहेगा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे



नोएडा के सेक्टर 93 ए में स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट सोसाइटी में बने ट्विन टावर को ध्वस्त करने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सबकुछ ठीक रहा तो विस्फोट के जरिए दोनों टावर महज 9 सेकेंड में ध्वस्त हो जाएंगे। करीब 100 मीटर दूर से रिमोट दबाकर इन्हें ध्वस्त किया जाएगा। ध्वस्तीकरण के बाद करीब 10 मिनट तक आसपास के करीब 30 मीटर एरिया तक धूल उड़ेगी। धूल उड़ने से रोकने के लिए बड़े स्तर पर पानी से छिड़काव किया जाएगा। इस दौरान आसपास की तीन सोसाइटी के फ्लैट खरीदारों को करीब 5 घंटे तक बाहर रहना होगा। शाम तक लोग अपने फ्लैटों में लोग वापस लौट सकेंगे। एडिफिस एजेंसी के हेड उत्कर्ष मेहता ने बताया कि ध्वस्तीकरण वाले दिन आसपास के फ्लैटों को कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन फिर भी 100 करोड़ का बीमा कराया जा रहा है। अभी टावर में विस्फोटक लगाने के लिए काम चल रहा है। अभी तक 22 मई 2022 को टावर के ध्वस्तीकरण की योजना है।

### आधा घंटे तक बंद हो सकता है एक्सप्रेसवे


ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया के दौरान करीब 30 मिनट तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वाहनों के लिए बंद रहेगा। अभी तक देश में इतने ऊंचे टावर कहीं भी ध्वस्त नहीं किए गए हैं। ये 102 मीटर ऊंचे टावर हैं। अधिकारियों का कहना है कि एक्सप्रेसवे तक विस्फोट के दौरान कोई भी निर्माण सामग्री नहीं पहुंचेगी, लेकिन एहतियात के तौर पर इसे बंद रखा जाएगा। इसकी वजह यह है कि ध्वस्तीकरण वाले दिन काफी लोग इसको देखने के लिए इच्छुक रहेंगे। ऐसे में वह एक्सप्रेसवे टावर के सामने वाहनों को खड़ा कर सकते हैं। इससे सड़क हादसे हो सकते हैं।

### ट्विन टावर को गिराने से पहले ट्रायल ब्लास्ट होगा

इन ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण से पहले एक बार ट्रायल ब्लास्ट होगा। यह ट्रायल ट्विन टावर में ही होगा। इस ट्रायल में कंक्रीट के सांकेतिक स्ट्रक्चर बनाकर उसमें पटाखे भरे जाएंगे। यह ट्रायल इस महीने के अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह में होगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल के जरिए तैयारियां परखी जाएंगी। अगर कुछ कमी मिलती है तो उसमें संशोधन किया जाएगा। सोसाइटी में बने ट्विन टावर अभी तक 22 मई 2022 को गिराए जाने प्रस्तावित हैं। फाइनल ध्वस्तीकरण से पहले इस महीने के अंत या अप्रैल के पहले सप्ताह में ट्रायल ब्लास्ट किया जाएगा। यह ब्लास्ट एक टावर में बी-1 बेसमेट और दूसरे टावर में 14 वीं मंजिल पर होगा। इस ब्लास्ट में करीब एक ट्रक कांक्रीट का इस्तेमाल होगा। इन जगह ध्वस्तीकरण से एक सप्ताह से 10 दिन पहले विस्फोटक लगाया जाना शुरू कर देंगे। अधिकारियों की मानें तो 6-7 बार धमाके होंगे और 9 सेकेंड में टावर गिरा दिए जाएंगे। पिछले 22 दिन से ट्विन टावर में करीब 300 मजदूर अलग-अलग तल पर तोड़फोड़ के काम में लगे हुए हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## प्रेमी के साथ कमरे में थी लड़की, दादी ने देखा तो पोती ने कर डाली ऐसी करतूत



उत्तर प्रदेश के मथुरा में पांच दिन पहले हुई एक बुजुर्ग महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने दावा किया कि इस वारदात को उसकी पोती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अंजाम दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, आठ मार्च को पालीखेड़ा गांव में एक बुजुर्ग महिला की हत्या हुई थी तथा उस समय घर में मौजूद उसकी पोती ने बदमाशों द्वारा लूट के इरादे से उसकी दादी की हत्या कर देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि पोती ने अपने पड़ोस में रहने वाले एक किशोर के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि दादी ने किशोरी को उसे माता-पिता की अनुपस्थिति में पड़ोसी लड़के से कमरे में मिलते हुए देख लिया था और प्रेम प्रसंग पर आपत्ति जताने पर उसने दादी की हत्या कर दी ग्रोवर ने बताया कि दादी को रात में जब किशोरी के कमरे में किसी और के होने का पता चला तो उसने उन दोनों की करतूत उनके माता-पिता के सामने उजागर करने की धमकी दी। इसके बाद लड़की ने अपने प्रेमी को डंडा दिया और उसने बुजुर्ग के सिर पर एक साथ कई प्रहार किए। उन्होंने बताया कि आरोपी किशोर की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल डंडा और दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## बसपा के जनाधार में ढाई गुना की गिरावट, गांव में आधा,शहरों में कितना खिसका वोट



एक चुनाव के अंतर में बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) के जनाधार के ग्राफ में ढाई गुना की गिरावट आई है। ग्रामीण सीटों पर बसपा के वोट आधे रह गए हैं। वहीं पहले से कमजोर शहर की सीटों पर वोट बैंक एक चौथाई बचा है। बीते पांच वर्षों में राजधानी लखनऊ की नौ विधानसभा सीटों में पार्टी का बेस वोट 4.23 लाख से घटकर 1.66 लाख पर आ गया है। 2007 विधानसभा चुनाव से बसपा का वोट बैंक लगातार बढ़ता जा रहा था। सोशल इंजीनियरिंग के सहारे 2007 में सत्ता में आई बसपा के पास उस समय 2.65 लाख वोटर थे। इतने ही वोट में महोना और सरोजनीनगर सीट पर पहली बार पार्टी के विधायक जीते। मोहनलालगंज, मलिहाबाद और कैंट सीट पर पार्टी दूसरे नम्बर पर रही। इसके बाद 2012 चुनाव में बीकेटी और सरोजनीनगर सीट पर पार्टी दूसरे नम्बर पर खिसक गई। मगर वोटर बढ़कर 3.67 लाख हो गए। 2017 में पार्टी बीकेटी, मोहनलालगंज में दूसरे स्थान पर रही। इसके बाद भी पार्टी का कोर वोटर जुड़ा रहा। वोटरों की संख्या बढ़कर 4.23 लाख हो गई।

### 2022 में बसपा को मिले मात्र 1.66 लाख वोट

विधानसभा चुनाव 2022 में तो बसपा का वोट बैंक धड़ाम हो गया। पार्टी हर सीट पर तीसरे, चौथे स्थान पर खिसक गई। वोटरों की संख्या बढ़ने के बजाए ढाई गुना कम हो गई। नौ सीटों पर बसपा को मात्र 1.66 लाख वोट मिले । सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है।

### एक दशक में पांच गुना सिकुड़ गई कांग्रेस

कांग्रेस का वोट बैंक लगातर सिकुड़ रहा है। 2012 में कांग्रेस ने औसत प्रदर्शन किया। एक सीट जीती और एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही। पार्टी को 2.84 लाख वोट मिले। एक दशक बाद 2022 में कांग्रेस को नौ विधानसभा में मात्र 53827 वोट मिले हैं। यानी वोटों में पांच गुना की कमी आई है। चार सीट पर तो तीन हजार वोट भी नहीं मिले हैं। सभी प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त हो गई है।

### पार्टी से अधिक तो निर्दलीय मिलते थे वोट

कांग्रेस पार्टी से सरोजनीनगर से लड़ने वाले रुद्र दमन सिंह को इसबार 19711 वोट मिले। जबकि 2017 में रुद्र ने निर्दलीय लड़कर 20607 वोट हासिल किए थे। 2012 में इसी सीट पर आरएसबीपी के प्रत्याशी के तौर पर 41386 वोट पाकर तीसरे स्थान हासिल किया था।

## प्रचंड जीत के बाद गोरखपुर में ऐसे मनेगी CM योगी की होली, शुरू हुई नरसिंह शोभायात्रा की तैयारी



जीत का रंग सबसे चटक होता है। रंगों के त्योहार होली पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा एवं भगवान नरसिंह शोभायात्रा में में इस बार चुनाव में हासिल प्रचंड बहुमत का रंग चहुंओर बरसेगा। यह शोभायात्रा सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा को मिली कामयाबी का अभूतपूर्व विजय जुलूस बने, इसे लेकर जोरदार तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति महानगर परंपरागत रूप से निकाली जाने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा 19 मार्च को सुबह 8.30 बजे घंटाघर से निकलेगी। अबीर-गुलाल और रंगों के बीच शोभा यात्रा को घंटाघर में सीएम योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। उसके बाद ध्वज प्रणाम और प्रार्थना होगी। संघ के प्रांत प्रचारक सुभाष जी, गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान नरसिंह की महाआरती कर शोभायात्रा के रथ पर सवार होंगे। रंग गुलाल खेलते हुए शोभा यात्रा का प्रस्थान होगा। सामाजिक समरसता व पारस्परिक सदभाव को सुदृढ़ करते इस आयोजन के लिए इस बार लोगों में गजब का उत्साह है। श्री होलिकोत्सव समिति महानगर के अध्यक्ष इंजीनियर अरुण प्रकाश मल्ल, समिति के मंत्री मनोज जालान कहते हैं कि भगवान नरसिंह की शोभायात्रा भाजपा की जीत के उल्लास की भी यात्रा होगी। शोभा यात्रा घंटाघर से निकल कर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौट कर विसर्जित हो जाएगी। शोभायात्रा में नशा कर शामिल होना प्रतिबंधित है। इसके अलावा नीला और काला रंग इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है।

### आयोजन की ये हैं तैयारियां

श्री होलिकोत्सव समिति महानगर के अध्यक्ष इंजीनियर अरुण प्रकाश मल्ल बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का ध्वज 20 फीट का होगा। बांसुरी की मधुर धुन के बीच ध्वज चढ़ाया और बिगुल की गूंज के साथ उतारा जाएगा। शोभायात्रा में तुरही व नगाड़ा शामिल होंगे जिनसे अतिथियों का स्वागत होगा। भगवान नरसिंह की महाआरती होने के बाद तुरही व नगाड़ा की आवाज भी गूंजेगी। इस बार शोभायात्रा में पांच ट्रालियां शामिल की जाएंगी, जिन पर रंग घोलकर रखा होगा। हर ट्राली पर 15-20 स्वयं सेवक होंगे जो पिचकारियों से लोगों पर रंगों की बौछार करेंगे। शोभायात्रा लगभग 8 किलोमीटर घूमती है। 200 किलोग्राम अबीर-गुलाल उड़ा दिए जाते हैं। 2 क्विंटल गुलाब व गेंदा के फूलों की पंखुड़ियां होती हैं जिसके भी होली खेली जाती है।

### होलिका दहन यात्रा 17 की शाम निकलेगी

17 मार्च को शाम 4 बजे पाण्डेय हाता चौराहे से होलिका दहन यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा नगर विधायक डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, भजन गायक नन्दू मिश्रा, विधायक विपिन सिंह भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में सीएम योगी श्रद्धालुओं के साथ फूलों से होली भी खेलेंगे। यात्रा में देवी-देवताओं की झांकियां और बैंड भी शामिल होंगे। रंगों, फूलों व अबीर-गुलाल का प्रयोग किया जाता है। इसमें तीन डीजे शामिल होते हैं। भगवान नरसिंह का रथ सबसे पीछे होता है। उस रथ पर भी रंग घोल कर रखा रहता है। उसके पीछे नगर निगम का एक टैंकर चलता है जो जरूरत पड़ने पर पानी उपलब्ध कराता रहता है।

## अयोध्या में रंगभरी एकादशी पर संतों ने हनुमान जी के साथ खेली होली, पांच कोस की परिक्रमा



रंगभरी एकादशी से अयोध्या में होली का त्योहार शुरू हो गया। हनुमानगढ़ी पर नागा साधुओं ने विराजमान हनुमानजी के साथ होली खेली। हनुमान जी का निशान लेकर के नागा साधु पंचकोसी परिक्रमा कर रहे हैं। अवध में होली से पांच दिन पहले ही रंगोत्सव का त्योहार शुरू हो जाता है। बड़ी संख्या में संत समाज सड़क पर निकल के होली खेल रहे हैं। हनुमान जी के निशान के साथ मठ मंदिरों में होली का निमंत्रण लेकर भी नागा साधु जाएंगे। अयोध्या की सांस्कृतिक सीमा पांच कोस का रंगभरी एकादशी के पर्व पर परिक्रमा करेंगे।

## अपर्णा यादव बोलीं- जिनका प्रचार किया वे सारे कैंडिडेट जीते; जनाधार पर सवाल उठाने वालों को जवाब




यूपी चुनाव 2022 के प्रचार अभियान के दौरान जो चेहरे सबसे ज्यादा चर्चित रहे उनमें से एक हैं अर्पणा यादव। ऐन चुनाव के पहले सपा छोड़ भाजपा में शामिल हुईं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की इस छोटी बहू ने चुनाव नतीजे सामने आने के बाद बीजेपी की प्रचंड जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि मैंने जिनका प्रचार किया वे सारे उम्मीदवार जीते हैं। जनाधार पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिल गया है। एएनआई के मुताबिक अर्पणा ने कहा कि जनता जनार्दन होती है। इस विधानसभा चुनाव की प्रचंड विजय ने यह साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि जिस तरह से विपक्षियों ने मुझ पर टिप्पणी की कि अर्पणा यादव का जनाधार नहीं है, उन्हें जनता ने जवाब दे दिया है। अर्पणा ने कहा कि जनता जनार्दन होती है। सनातन धर्म में जनार्दन विष्णु भगवान को कहा जाता है। तो विष्णु भगवान ने जवाब दे दिया है और जवाब बहुत करारा है। अर्पणा ने कहा कि आज एक बहुत अच्छा डायलॉग याद आ रहा है कि आसमां में थूकने वाले को पता होना चाहिए कि पलटकर थूक उसके मुंह पर आती है।